| → मरियम को विधिक संरक्षण मिल पायेगा | → करण व मरियम को प्रमोशन का नुकसान हो सकता है |
| → दोषियों को सजा/दण्ड मिलेगा | → कंपनी से निकाला भी जा सकता है |
| → कंपनी की कार्य संस्कृति में सुधार आयेगा | |

ऐसी स्थिति में करण को तीसरा विकल्प चुनना चाहिए क्योंकि -

i) किसी भी महिला के खिलाफ (यौन उत्पीड़न) करना या होना विधिक व नैतिक रुप से अपराध है,

ii) करण को अपने नैतिक, व विधिक व सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए POSH में शिकायत करना चाहिए।

iii) यह शिकायत करण व मरियम के नौकरी व पदोन्नति की सुरक्षा को भी संज्ञान में रखेगा।



उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

8. जय एक सिविल सेवक है जिसे एक वर्ष पूर्व राज्य के शिक्षा विभाग में आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया था। अपने शुरुआती महीनों में, उसने कई ऐसी नीतियों और कार्यक्रमों को लागू किया, जिससे शिक्षा मंत्रालय के कामकाज में सकारात्मक बदलाव आ रहे थे तथा प्रतिष्ठा में वृद्धि हो रही थी, जो आगामी चुनावों में संबंधित मंत्री के लिए लाभकारी हो सकती थी।

हालांकि, जय को अब एक महत्वपूर्ण चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। अपनी जिम्मेदारियों के भाग के रूप में, उसे सरकारी स्कूलों के लिए नए शिक्षकों की भर्ती को मंजूरी देनी होगी। उसे रिक्त पदों के लिए अनुशंसित 120 उम्मीदवारों की सूची प्राप्त हुई है, लेकिन उसे यह संदेह है कि भर्ती प्रक्रिया अनुचित थी। जय को कई शिकायतें भी प्राप्त हुई थीं, जिनमें दावा किया गया था कि यह भर्ती प्रक्रिया योग्यता आधारित नहीं थी।

समीक्षा करने पर, जय को ऐसे साक्ष्य प्राप्त हुए जो यह स्पष्ट करते हैं कि सूची में कई नाम राजनीतिक संरक्षण का परिणाम हैं। राजनीतिक संरक्षण राज्य में एक प्रचलित मुद्दा है, जहां राजनेता राजनीतिक समर्थन प्राप्त करने के लिए भर्ती का उपयोग करते हैं। जय का मानना है कि चुनाव नजदीक होने के कारण शिक्षा मंत्री भी इस कार्य में संलग्न है।

यह स्थिति जय को एक पुरानी घटना की याद दिलाती है जब एक जूनियर अधिकारी के रूप में, उसने एक अनावश्यक खरीद अनुरोध को स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। परिणामस्वरूप, उसे एक सप्ताह के भीतर ही स्थानांतरित कर दिया गया तथा उसे और उसके परिवार को बदले की कार्रवाई के रूप में तुच्छ भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना करना पड़ा। उसके स्थान पर नियुक्त अधिकारी ने और भी उच्च दरों पर खरीद को मंजूरी दे दी।

जय अब इस बात को लेकर चिंतित है कि मौजूदा भर्ती को रोकने से ऐसे ही परिणाम सामने आ सकते हैं। इसके अलावा, उसे भय है कि यदि वह इस अनुचित भर्ती प्रक्रिया के खिलाफ खड़ा होता है तो शिक्षा मंत्रालय में उसके द्वारा व्यक्तिगत रूप से शुरू की गई परियोजनाओं को समाप्त किया जा सकता है।

**(a)** शिक्षा विभाग के आयुक्त के रूप में जय के पास क्या विकल्प उपलब्ध हैं? इनमें से प्रत्येक विकल्प का मूल्यांकन कीजिए।

**(b)** जय को कौन-सा विकल्प अपनाना चाहिए और क्यों?

**(c)** जय जैसे सिविल सेवकों को अपने दायित्वों के निर्वहन में नैतिक मानकों को बनाए रखने के प्रयास के दौरान बेहतर सुरक्षा कैसे प्रदान की जा सकती है? (250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Jay, a civil servant, was appointed as the Commissioner in the state's Education Department a year ago. In his initial months, he implemented several policies and programmes that were transforming the Education Ministry's operations, gaining a good reputation that could potentially benefit the concerned minister in the upcoming elections.

However, Jay now faces a significant challenge. As part of his responsibilities, he must approve the recruitment of new teachers for government schools. He has received a list of 120 candidates recommended for vacant posts, but suspects the recruitment process was unfair. Jay had also received several complaints claiming that the process had not been meritocratic.

Upon review, Jay discovers evidence suggesting that many names on the list are the result of political patronage - a prevalent issue in the state where politicians use recruitment to gain political support. Jay believes the Education Minister is engaging in this practice as the election season approaches.

This situation reminds Jay of a past incident when, as a junior officer, he refused to entertain an unnecessary procurement request. Consequently, he was transferred within a week, and he and his family faced frivolous anti-corruption complaints as retaliation. His successor approved the procurement at even higher rates.

Jay is now concerned that blocking the current recruitment could lead to similar consequences. Moreover, he fears that the projects he personally initiated in the Education Ministry might be abandoned if he takes a stand against this unfair recruitment process.

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin


**(a)** What are the options available to Jay as the Commissioner of the Education Department? Evaluate each of these options.

**(b)** What option should Jay adopt and why?

**(c)** How can civil servants like Jay be better protected when they attempt to uphold ethical standards in their work? (Answer in 250 words) 20

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

उपरोक्त केस स्टडी शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार व राजनीतिक हस्तक्षेप से संबंधित है।




(a) उपलब्ध विकल्प

(क) उम्मीदवारों की लिस्ट को स्वीकार ले।

| लाभ | हानि |
|---|---|
| → पद पर नियुक्ति बनी रहेगी। | → जय का स्थानान्तरण हो सकता है |
| → मंत्री जी संरक्षण बना रहेगा. | → मंत्री जी के व्यक्तिगत हित प्रभावित हो सकते है |
| → मंत्री जी को चुनाव में लाभ मिलेगा। | |

(ii) इसके बारे में मंत्री जी बात करना तथा इन्हें अवगत कराना की यह प्रक्रिया ठीक नहीं है।

| लाभ | हानि |
| --- | --- |
| → मंत्री जी हो सकता है धांधली को सुधारने पर मान जाए | → मंत्री जी की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है |
| → योग्यता आधारित भर्ती प्रक्रिया को मदद मिलें | → आयुक्त का पद जा सकता है |

(iii) लिस्ट को स्वीकार न करना तथा मंत्री जी को गलती से अवगत कराना तथा नई लिस्ट को जारी करने हेतु बोलना।

| लाभ | हानि |
| --- | --- |
| → भ्रष्टाचार ↓ | → जय का स्थानान्तरण हो सकता |
| → योग्यता आधारित लोगो का चयन होगा। | → आयुक्त के पद से अपदस्थ किया जा सकता है |
| → शिक्षा प्रणाली सुधरेगी | |



उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

(6) ऐसी स्थिति में जय को (iii) विकल्प चुनना चाहिए क्योंकि

i) → सिविल सेवक होने के नाते जय को 'भ्रष्टाचार' के प्रति 'zero tolrance' की नीति का पालन करना चाहिए।

→ जय शुरु से ही शिक्षा व्यवस्था में सुधार करना चाहता है।

→ योग्य लोग जब शिक्षा व्यवस्था में आयेंगे तभी शिक्षा प्रणाली सुधरेगी

→ जय का यह प्रशासनिक, कानूनी व नैतिक दायित्व है कि वह इस भर्ती प्रक्रिया को रोके ताकि 'राजनीतिक तटस्थता' जैसे मूल्य का निर्वहन कर सके।

⇓

सुशासन ॥

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

Ⓒ ऐसी स्थिति सिविल सेवको को निम्नलिखित तरीके से सुरक्षा प्रदान की जा सकती है -

ⓐ संवैधानिक संरक्षण
↳ Art - 310 व 311 के अन्तर्गत पद की सुरक्षा

(ii) विधिक संरक्षण
↳ सिविल सेवा (संरक्षण) अधिनियम के तहत

(iii) नीतिगत व संस्थागत
↳ DOPT द्वारा AIS की नियुक्ति।

(iv) राष्ट्रपति द्वारा ही उन्हे उनके पद से हटाया जा सकता है।

ऐसे ही सिविल सेवको में सुशासन के प्रति जबावदेहिता व पारदर्शिता भ्रष्टाचार को कम करने में सहायक होतिहै

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

9. X शहर के जिला मजिस्ट्रेट के रूप में, आपको शहरी वन क्षेत्र में एक नए मेट्रो डिपो के निर्माण की देखरेख का दायित्व सौंपा गया है, जो सार्वजनिक परिवहन में सुधार करने और यातायात की भीड़ एवं वायु प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण अवसंरचनात्मक परियोजना है। हालांकि, इस परियोजना के लिए वन के एक बड़े हिस्से को साफ करने की आवश्यकता है, जिसका पर्यावरण कार्यकर्ताओं, स्थानीय निवासियों और गैर-सरकारी संगठनों ने कड़ा विरोध शुरू कर दिया है। इस वन को प्रायः शहर के "फेफड़े" के रूप में संदर्भित किया जाता है और शहर के पारिस्थितिक संतुलन के लिए व्यापक रूप से आवश्यक माना जाता है।

पर्यावरण संबंधी चिंताओं के अलावा, दो वर्ष में होने वाले आगामी चुनावों को देखते हुए, परियोजना को शीघ्र पूरा करने के लिए राज्य स्तर पर राजनेताओं की ओर से भी आप पर काफी दबाव है। राजनीतिक नेतृत्व शहर के विकास हेतु मेट्रो परियोजना के लाभों और चुनावी समर्थन प्राप्त करने की इसकी क्षमता पर बल दे रहा है।

इस परियोजना से हजारों यात्रियों के लिए यात्रा का समय उल्लेखनीय रूप से कम होने और शहर में वाहनों से होने वाले उत्सर्जन में संभावित कमी आने की उम्मीद है। हालांकि, इससे हजारों वृक्षों की क्षति भी होगी और स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र बाधित होगा।

जब आप कोई निर्णय लेने की तैयारी करते हैं, तो आप जानते हैं कि आपके निर्णय के शहर के विकास और उसके पर्यावरण, दोनों पर दूरगामी परिणाम होंगे।

**(a)** उपर्युक्त प्रकरण में शामिल नैतिक दुविधाओं की पहचान कीजिए।
**(b)** उपर्युक्त स्थिति में आपके समक्ष उपलब्ध विकल्पों का मूल्यांकन कीजिए। आप इनमें से किस विकल्प को चुनेंगे और क्यों?
**(c)** भविष्य की परियोजनाओं में शहरी विकास संबंधी आवश्यकताओं और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए कुछ उपाय सुझाइए। (250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

As the District Magistrate of X city, you are responsible for overseeing the construction of a new metro depot in an urban forest area, which is a critical infrastructure project aimed at improving public transportation and reducing traffic congestion and air pollution. The project, however, requires the clearance of a substantial portion of the forest, which has triggered strong opposition from environmental activists, local residents, and NGOs. This forest is widely regarded as essential for the city's ecological balance, often referred to as the city's "lungs."

In addition to the environmental concerns, you are under considerable pressure from politicians at the state-level to expedite the project, given the upcoming elections in two years. The political leadership emphasizes the benefits of the metro project for the city's development and its potential to garner electoral support.

The project is expected to significantly reduce travel time for thousands of commuters and potentially decrease overall vehicle emissions in the city. However, it would also lead to the loss of thousands of trees and disrupt local ecosystems.

As you prepare to make a decision, you are aware that your choice will have far-reaching consequences for both the city's development and its environment.

**(a)** Identify the ethical dilemmas involved in the above case.
**(b)** Evaluate the options available to you in the above situation. Which of these would you choose and why?
**(c)** Suggest some measures that could be implemented to balance urban development needs with environmental conservation in future projects. (Answer in 250 words) 20

उपरोक्त केस स्टडी X शहरों में परिवहन अवसंरचना निर्माण तथा पर्यावरण संरक्षण के बीच उत्पन्न विवाद के समाधान संबंधी निर्णय से संबंधित है।

**हितधारक**
- मैं (जिला मजिस्ट्रेट)
- X शहर
- X शहर के लोग
- मेट्रो प्रोजेक्ट
- NGO, पर्यावरण कार्यकर्ता, स्थानीय निवासी
- सरकार
- पर्यावरण पर आश्रित जीव-जन्तु।

ⓑ <u>नैतिक दुविधा</u>

① विकास बनाम पर्यावरण संरक्षण – मेट्रो प्रोजेक्ट को ज्यादा महत्व दिया जाए या फिर पर्यावरण



उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

को ध्यान में रखते हुए मेट्रो प्रोजेक्ट को कैंसिल किया जाए।

② प्रशासनिक दायित्व का निर्वहन बनाम सामाजिक हित का ध्यान देना।

③ शहर के प्रदूषण को ध्यान दे या फिर परिवहन जनित समस्या को हल करे।

④ मंत्री जी के प्रति उत्तरदायित्व निभाये या फिर आवश्यक कदम उठायें।

(b) उपलब्ध विकल्प

i) मेट्रो प्रोजेक्ट को मंजूरी दे और पेड़ो को काट दिया जाए।

| लाभ | हानि |
| --- | --- |
| → परिवहन समस्या से निजात मिलेगी | → पर्यावरण को हानि होगा |
| → मंत्री जी को चुनाव में लाभ होगा | → वायु प्रदूषण जनित बीमारियाँ फैल सकती है। |
| → मेरा प्रमोशन हो सकता है | |

Candidates must not write on this margin / उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए

ii) 'मेट्रो प्रोजेक्ट' को कैंसिल कर देना और एक भी पेड़ को न काटना।

| लाभ | हानि |
| --- | --- |
| → पर्यावरण पारिस्थितिकी बनी रहेगी। | शहरों में GHG उत्सर्जन बना रहेगा। |
| → हितधारकों द्वारा किये जा रहे विरोध का सामना नहीं करना पड़ेगा | → परिवहन ट्रैफिक की समस्या बनी रहेगी |
| | → मंत्री जी को चुनाव में नुकसान हो सकता है। |

iii) 'मेट्रो प्रोजेक्ट' का भी निर्माण हो तथा 'वनों को भी अधिकतम स्तर' तक बचाया जा सके।

| लाभ | हानि |
| --- | --- |
| → पर्यावरण + परिवहन दोनो समस्या सुलझ सकती है | → प्रोजेक्ट की कॉस्ट बढ़ सकती है |

ऐसी स्थिति में मैं (iii) विकल्प चुनूँगा। क्योंकि –

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

i) इससे पर्यावरण पारिस्थितिकी संरक्षित हो पायेगी। ⇒ प्रदूषण समस्या ↓ ⇒ आस-पास में प्रकृति बेहतर रहेगी ⇒ शहर के 'फेफड़ा' का संरक्षण होगा।

ii) 'मेट्रो परियोजना' निर्माण से परिवहन संबंधी समस्याओं में कमी आयेगी।

© भविष्य की योजनाओं हेतु उपाय -

① 'विकासगत परियोजनाओं' हेतु 'EIA' के तहत प्रोजेक्ट का वृहद स्तर पर मूल्यांकन करना।

② परियोजना को 'Nature based solution' आधारित 'ग्रीन प्रोजेक्ट' के रूप में डेवलेप करना।

③ शहरी पर्यावरण व वनो के संरक्षण हेतु प्रोजेक्ट के साथ 'मियावाकी पद्धति' पर वनारोपण को बढ़ावा देना।

अतः संधारणीय शहरी विकास हेतु 'ग्रीन प्रोजेक्ट डेवलमेंट' को बढ़ावा देकर ही SDG-11 की प्राप्ति हो सकती है।



उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

**10.** डॉ. मेहरा भारत की एक अग्रणी फार्मास्युटिकल कंपनी में वरिष्ठ ड्रग डेवलपर हैं, जो चिरकालिक और दुर्लभ रोगों के उपचार हेतु महत्वपूर्ण जीवन रक्षक दवाओं सहित विभिन्न दवाओं का उत्पादन करने के लिए प्रसिद्ध हैं। अपनी स्थापना के बाद से ही, कंपनी ने अपनी दवाओं की गुणवत्ता और वहनीयता पर बल दिया है।

हाल ही में, संशोधित सरकारी दिशा-निर्देशों के तहत, फार्मास्युटिकल कंपनियों के लिए सामग्रियों (Ingredients) पर परीक्षण से "संतोषजनक परिणाम" प्राप्त करने के बाद ही तैयार उत्पाद का विपणन करने का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त, उन्हें दवाओं के किसी बैच के बार-बार परीक्षण या सत्यापन के लिए मध्यवर्ती और अंतिम उत्पादों, दोनों के पर्याप्त मात्रा में नमूने रखने होंगे।

डॉ. मेहरा की टीम एक दुर्लभ लेकिन जानलेवा रोग के लिए एक नई दवा विकसित करने के अंतिम चरण में है। नैदानिक परीक्षणों में इस दवा के आशाजनक परिणाम प्राप्त हुए हैं। हालांकि, दवा के दीर्घकालिक दुष्प्रभावों के बारे में अनसुलझी चिंताएं विद्यमान हैं, जो परीक्षण में शामिल विषयों में अत्यधिक कम प्रतिशत के रूप में देखी गई हैं। इसके बावजूद, कंपनी ने पिछले एक दशक में कोई भी महत्वपूर्ण दवा जारी नहीं की है, जिससे बोर्ड के सदस्यों की ओर से दवा की रिलीज़ में तेज़ी लाने के लिए काफी दबाव है।

**(a)** उपर्युक्त प्रकरण में शामिल हितधारकों की पहचान कीजिए।
**(b)** डॉ. मेहरा द्वारा सामना किए जाने वाले नैतिक मुद्दों पर चर्चा कीजिए।
**(c)** उपर्युक्त प्रकरण में डॉ. मेहरा के पास उपलब्ध विकल्पों का विश्लेषण कीजिए। आप इनमें से किसे चुनेंगे और क्यों? (250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Dr. Mehra is a senior drug developer at a leading pharmaceutical company in India, renowned for producing various medications, including lifesaving drugs critical for treating chronic and rare diseases. Since its inception, the company has emphasized the quality and affordability of its drugs.

Recently, under revised government guidelines, pharmaceutical companies are required to market a finished product only after obtaining "satisfactory results" from tests on the ingredients. Additionally, they must retain a sufficient quantity of samples of both intermediate and final products to allow repeated testing or verification of a batch.

Dr. Mehra's team is in the final stages of developing a new medication for a rare but life-threatening disease. This drug has shown promising results in clinical trials. However, there have been unresolved concerns about the long-term side effects of the drug, observed in a small percentage of trial subjects. Despite this, the company has not released any major drug in the past decade, leading to significant pressure from the board members to expedite the drug's release.

**(a)** Identify the stakeholders in the above case study.
**(b)** Discuss the ethical issues faced by Dr. Mehra.
**(c)** Analyse the options available to Dr. Mehra in the above case. Which of these would you choose and why? (Answer in 250 words) 20

उपरोक्त केस स्टडी दवा कंपनियों द्वारा (निर्माण) अनैतिक व अवैध तरीके से लाभ अर्जित करने से संबंधित है (मेडिकल एथिक्स)

(a) हितधारक

i) डॉ मेहरा – फार्मा कंपनी के वरिष्ठ ड्रग डेवलपर

ii) बोर्ड के सदस्य - जोकि दवा में विषाक्तता होने बावजूद उसको रिलीज करने के लिए कह रहे है

iii) समाज - जो इस दवा का उपयोग करेंगी

iv) दुर्लभतम रोग से पीड़ित लोग व उनका परिवार

v) अन्य दवा कंपनियाँ :

vi) सरकार - जोकि विधि, नियम व विनियमन करती है।

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

(b) डॉ मेहरा के ~~साथ~~ समक्ष नैतिक मुद्दे -

① कंपनी का हित बनाम सामाजिक हित

② बोर्ड सदस्यों की बात को मानें या फिर उन्हें मना कर दे

③ कंपनी को लाभ दिलायें या फिर कंपनी को अवसर में घाटा कराये

④ विद्यमान विषाक्त समस्या को दूर करने का इंतजार करे या फिर दवा को तुरंत लागू कर दे।

⑤ कार्पोरेट गवर्नेंस के विधिक नियमों व नैतिक नियमों का पालन करे या फिर उसका उल्लंघन करें।

⑥ अल्पकालिक व तात्कालिक हित बनाम दीर्घकालिक हित

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

(c) उपलब्ध विकल्प

i) दवा को बिना सुधार के जारी करना।

| लाभ | हानि |
| --- | --- |
| → कंपनी के लाभ में वृद्धि। | → रोगीयों के लिए दवा जानलेवा हो सकती है |
| → डॉ. मेहरा का प्रमोशन व वित्त लाभ हो सकता है। | → उनमें अन्य रोग जन्म ले सकते है |
| | → अनैतिक व अवैध कार्य होगा। |

ii) दवा को रिलीज न करना

| लाभ | हानि |
| --- | --- |
| → मरीजों पर अवांछित प्रभाव नहीं होगा | → कंपनी को आर्थिक हानि हो सकती है |
| → मेडिकल एथिक्स का पालन होगा | |

iii) सुधार का इंतजार करना फिर मार्केट में रिलीज करना।

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

| लाभ | हानि |
| --- | --- |
| → मरीजो को लाभ मिल सकेगा। → मेडिकल एथिक्स का पालन होगा | → कोई अन्य कंपनी द्वारा दवा रिलीज करने पर आर्थिक नुकसान हो सकता है |

ऐसी स्थिति मैं (तीसरे विकल्प का चुनाव (गांधी के साधन -साध्य) की पवित्रता को ध्यान में रखते हुए करुँगा। क्योंकि -

i) डॉ होने के नाते (मेडिकल एथिक्स) का पालन करना चाहिए।

ii) (हिप्पोक्रेटिक ओथ) मैं लोगो के बचाव हेतु शपथ लिया था।

iii) कानूनी रुप से अवैध व अनैतिक कार्य करना दण्डनीय अपराध है।

ऐसी स्थिति में (मेडिकल एथिक्स) के नियमो का पालन करुँगा।



उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

11. आपको राज्य शहरी विकास विभाग में अंडर सेक्रेट्री के पद पर नियुक्त किया गया है। विभाग को एक प्रतिष्ठित परियोजना का कार्य सौंपा गया है जिसका उद्देश्य शहरों की अत्यधिक ऐतिहासिक महत्त्व वाली अवसंरचना को पुनर्जीवित करना है। इस परियोजना के बारे में आप बेहद उत्साहित हैं, जिसमें सार्वजनिक परिवहन का आधुनिकीकरण करना, विरासत भवनों का जीर्णोद्धार करना और शहर के सांस्कृतिक पहलू को संरक्षित करते हुए हरित स्थान का सृजन करना शामिल है।

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

इस अवसर से उत्साहित होकर, आपने कई सप्ताह तक शोध करके एक व्यापक प्रस्ताव तैयार किया। आपकी योजना में संधारणीय विकास, सामुदायिक जुड़ाव और शहरी नियोजन के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए अभिनव विचार शामिल थे। आपने अपने सहयोगियों को प्रेरित करने और परियोजना को गति देने की आशा से विभागीय बैठक में ये प्रारंभिक योजनाएं प्रस्तुत कीं।

हालांकि, आपके उत्साह को उदासीनता का सामना करना पड़ा। आपके सहयोगियों ने बहुत कम रुचि दिखाई तथा वे परियोजना के लिए विचारों या प्रयासों का योगदान करने में विफल रहे। चिंतित होकर, आपने अपने वरिष्ठ को उत्साह की कमी की सूचना दी, जो इस परियोजना के प्राधिकारी भी हैं। आपकी निराशा के लिए, वे भी उतना ही उदासीन लग रहे थे, उन्होंने सहजता से उल्लेख किया कि वे छह महीने में सेवानिवृत्त होने वाले हैं और इस परियोजना की अवधि अधिक लंबी है।

परियोजना को सफल होते देखने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर, आपने इसे आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली। पिछले दो महीनों से, आप अपने परिवार के साथ समय व्यतीत करने के अवसरों का त्याग करते हुए, दिन में 12 घंटे से अधिक, अक्सर देर रात तक काम कर रहे हैं। आपका समर्पण इस परियोजना की शहर के निवासियों के जीवन को बदलने और भावी पीढ़ियों के लिए शहर की समृद्ध विरासत को संरक्षित करने की क्षमता में आपके विश्वास से प्रेरित है।

परियोजना के दो महीने बाद मुख्य सचिव द्वारा समीक्षा बैठक बुलाई जाती है। बैठक के दौरान, विभिन्न क्षेत्रकों के विभाग प्रमुख वर्तमान में जारी और आगामी परियोजनाओं पर चर्चा करने के लिए उपस्थित होते हैं। जब शहरी पुनरुद्धार परियोजना प्रस्तुत करने का समय आता है, तो आपका बॉस अथवा वरिष्ठ खड़ा हो जाता है। आपको आश्चर्य होता है कि वह आपके ड्राफ्ट प्रस्ताव को अपने काम के रूप में प्रस्तुत करता है और नवीन विचारों एवं व्यापक योजना का सारा श्रेय ले लेता है।

जब आप वहां बैठे हुए अपने वरिष्ठ को आपकी कड़ी मेहनत को अपना बताते हुए सुनते हैं, तो आप क्रोध, निराशा और मनोबल की कमी को संयुक्त रूप से महसूस करते हैं। यह घटना न केवल आपके प्रयासों को कमजोर करती है बल्कि आपको ऐसी कार्य संस्कृति में अपने समर्पण के मूल्य पर भी प्रश्न उठाने के लिए विवश करती है जो सहयोग का समर्थन नहीं करती है या व्यक्तिगत योगदान को मान्यता नहीं देती है।

**(a)** इस प्रकरण में शामिल नैतिक मुद्दों पर चर्चा कीजिए।

**(b)** उपर्युक्त कार्य संस्कृति कार्यस्थल पर मनोबल और उत्पादकता को किस प्रकार प्रभावित करती है?

**(c)** आपके पास क्या विकल्प उपलब्ध हैं और आप इस स्थिति का समाधान किस प्रकार करेंगे? (250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

You have been appointed as the Under Secretary in the State Urban Development Department. The Department has been tasked with a prestigious project aimed at revitalizing the infrastructure of a city with deep historical significance. This project, which you are extremely passionate about, involves modernizing public transportation, restoring heritage buildings, and creating green spaces while preserving the city's cultural essence.

Excited by the opportunity, you spent weeks researching and drafting a comprehensive proposal. Your plan included innovative ideas for sustainable development, community engagement, and leveraging technology for urban planning. You presented these initial plans in a departmental meeting, hoping to inspire your colleagues and kickstart the project.

However, your enthusiasm was met with indifference. Your colleagues showed little interest, failing to contribute ideas or efforts towards the project. Concerned, you reported this lack of enthusiasm to your immediate superior, who is also the authority for this project. To your dismay,

he seemed equally indifferent, casually mentioning that he is set to retire in six months and that the project has a long gestation period.

Determined to see the project succeed, you took it upon yourself to drive it forward. For the past two months, you have been working more than 12 hours a day, often late into the night, sacrificing time with your family. Your dedication is driven by your belief in the project's potential to transform the lives of the city's residents and preserve its rich heritage for future generations.

Two months into the project, a review meeting is called by the Chief Secretary. During the meeting, Department heads from various sectors are present to discuss ongoing and upcoming projects. When it is time to present the urban revitalization project, your boss stands up. To your shock, he presents your draft proposal as his own work, taking all the credit for the innovative ideas and comprehensive planning.

As you sit there, listening to your superior claim your hard work as his own, you feel a mix of anger, disappointment, and demoralization. This incident not only undermines your efforts but also leaves you questioning the value of your dedication in a work culture that does not seem to support collaboration or recognize individual contributions.

**(a)** Discuss the ethical issues involved in this case.
**(b)** How does the above-mentioned work culture affect workplace morale and productivity?
**(c)** What are the options available to you and how would you address the situation? (Answer in 250 words) 20

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

उपरोक्त केस स्टडी ब्यूरोक्रैटिक खराब संस्कृति व वरिष्ठो द्वारा अधीनस्थो के काम को महत्व न देने से संबंधित है। ऐसे ~~कारणो~~ खराब कार्य संस्कृति के कारण अधीनस्थो का मनोबल टूटता है।

(a) शामिल नैतिक मुद्दे

① प्रशासनिक कार्यप्रणाली में व्याप्त अनैतिक कार्य संस्कृति संबंधी मुद्दा

② वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अपने

कनिष्ठ अधिकारियों के मेहनत व प्रयास को महत्व न देना।

③ प्रशासन में व्याप्त 'बाबूडम' संस्कृति को दिखाता है

④ यह प्रशासन में व्याप्त 'बॉस (इज एवरीथिंग' माइन्डसेट को प्रस्तुत करता है।

⑤ (सुशासन' के नियमों का उल्लंघन करता हुआ दिखाई देता है।

⑥ उपरोक्त कार्य संस्कृति निम्नलिखित रूप में मनोबल व उत्पादकता को प्रभावित करती है-

① कनिष्ठ अधिकारियों में कार्य के प्रति अरुचि पैदा हो जाती है,

② वह नवाचार तथा आगे बढ़ कार्य करने से हटने लगते है

③ निरुत्साह ढंग से कार्य करने के कारण प्रशासन की दक्षता कम हो जाती है।

④ ऐसे में प्रशासन में उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्कृष्ट उपयोग नहीं हो पाता है।

ⓒ मेरे पास उपलब्ध विकल्प

- सचिव के समक्ष अपने वरिष्ठ के इच्छा को प्रदर्शित करूँ
- बिना विरोध के शान्त रहूँ
- कोई अन्य विकल्प का चुनाव करूँगा।

ऐसी परिस्थिति में मैं मुख्य सचिव के समक्ष यह बात जरूर रखूँगा और उन्हें बताऊँगा कि ये स्वं विरासत संरक्षण संबंधी कार्य में मेरे द्वारा अथक प्रयास किया

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

गया है तथा वरिष्ठ अधिकारी द्वारा इसमें नीतिगत मार्गदर्शन किया गया है।

इसलिए प्रशासन में अच्छी संस्कृति को विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाये जाने चाहिए -

(i) वास्तविक कार्य करने वाले को अतिरिक्त प्रोत्साहन व प्रमोशन की सुविधा। (कार्पोरेट की तरह)

(ii) 2nd ARC द्वारा सुझाये गए 'कार्य संस्कृति' संबंधी अनुशंसा को लागू करना।

अतः प्रशासन में एक अच्छी कार्य-संस्कृति ही सुशासन को बढ़ावा देगी।



उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

12. अरुण अपनी सत्यनिष्ठा और समर्पण के लिए प्रसिद्ध है। हाल ही में, उसने राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में अधीक्षक की भूमिका संभाली है। यह पोस्टिंग, केवल एक वर्ष में उसकी चौथी पोस्टिंग है, जिसमें पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (EIA) की देखरेख की जिम्मेदारी शामिल है। अपने नए पद पर अरुण को एक महत्वपूर्ण आर्द्रभूमि, जो इस क्षेत्र के लिए प्राथमिक जल स्रोत के रूप में कार्य करती है, के निकट स्थित एक तांबा प्रगलन संयंत्र के बारे में पता चलता है।

उस संयंत्र के भारी प्रदूषण कर्ता के रूप में कुख्यात होने के बावजूद, अध्यक्ष द्वारा अरुण को प्रस्तुत किया गया वर्तमान EIA, आर्द्रभूमि पर इससे किसी गंभीर प्रभाव को नहीं दर्शाता है। अगले दो वर्षों के लिए कोई अन्य आकलन निर्धारित नहीं किया गया है।

एक दिन, अरुण को विपक्षी दल से जुड़े एक राजनेता से एक पत्र प्राप्त होता है। इस पत्र में ऐसे साक्ष्य हैं जो बताते हैं कि वर्तमान EIA परिणाम फ़र्जी प्रयोगशाला रिपोर्टों पर आधारित हैं, जिन्हें कथित तौर पर अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित किया गया है। अध्यक्ष के सत्तारूढ़ दल के साथ घनिष्ठ संबंध हैं, जिसे संयंत्र के संचालकों से पर्याप्त दान प्राप्त होता रहा है।

विपक्षी राजनेता ने अरुण से विभाग के अंदर से ही अध्यक्ष को बेनकाब करने का आग्रह किया और यह तर्क दिया कि यह दृष्टिकोण प्रभावी रूप से सरकार पर एक नया EIA आयोजित करने के लिए दबाव डाल सकता है। वह अरुण से वादा करता है कि उनके दल के सत्ता में आने, जिसकी हालिया जनमत सर्वेक्षणों में संभावना व्यक्त की गई है, पर उसे महत्वपूर्ण पुरस्कार और समर्थन मिलेगा।

यद्यपि प्रस्तुत किए गए साक्ष्य प्रभावशाली हैं, लेकिन अरुण राजनीतिक मोहरे के रूप में शोषण किए जाने की संभावना के बारे में भी सतर्क है। वह अपने कार्यों के संभावित परिणामों, उसके करियर और पर्यावरण दोनों के लिए, के बारे में पूरी तरह से अवगत है।

(a) उपर्युक्त प्रकरण के आलोक में, कॉर्पोरेट, राजनीतिक और नौकरशाही के हितों के बीच गठजोड़ से उत्पन्न होने वाले नैतिक मुद्दों पर चर्चा कीजिए।

(b) एक कर्तव्यनिष्ठ सिविल सेवक के रूप में, अरुण के पास उपलब्ध विकल्पों का मूल्यांकन कीजिए। उसे कौन-सा विकल्प चुनना चाहिए और क्यों? (250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Arun, renowned for his integrity and dedication, has recently assumed the role of Superintendent at a state Pollution Control Board. This posting, his fourth in just one year, includes the responsibility of overseeing Environmental Impact Assessments (EIAs). In his new position, Arun becomes aware of a copper smelting plant situated near a crucial wetland that serves as the primary water source for the region.

Despite the plant's notorious reputation for heavy pollution, the current EIA, presented to Arun by the Chairperson, indicates no significant impact on the wetland. The next assessment is not scheduled for another two years.

One day, Arun receives a letter from a politician affiliated with the opposition party. The letter contains evidence suggesting that the current EIA results are based on falsified lab reports, allegedly approved by the Chairperson. The Chairperson is known to have close ties with the ruling party, which has been receiving substantial donations from the plant's operators.

The opposition politician urges Arun to expose the Chairperson from within the department, arguing that this approach could effectively pressurize the government to conduct a new EIA. He promises Arun significant rewards and support once their party comes to power, an outcome suggested by recent opinion polls.

While the evidence presented is compelling, Arun remains cautious about the possibility of being exploited as a political pawn. He is acutely aware of the potential consequences of his actions, both for his career and for the environment.


उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

**(a)** In light of the above case, discuss the ethical issues that may arise from the nexus between corporate, political, and bureaucratic interests.


**(b)** As a conscientious civil servant, evaluate the options available to Arun. Which option should he choose and why?(Answer in 250 words) 20

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

उपरोक्त केस स्टडी कार्पोरेट ← राजनीति के बीच व्याप्त कार्टेल जनित भ्रष्टाचार से संबंधित है जोकि स्वहित के लिए सामाजिक व पर्यावरणीय हितो से समझौता करती है।




(a) ऐसे प्रकरण (बोहरा कमेटी) द्वारा बताये गये –



गठजोड़ को प्रदर्शित करता है जिसके कारण विभिन्न नैतिक मुद्दे उभर करके आते हैं

1) अपने निजी हितो को ध्यान में रखना तथा नेता प्रतिपक्ष द्वारा बतायी गयी बातो को इगनोर करना।

2) 'प्रशासनिक दायित्वो' को निर्वहन करना या फिर 'पर्यावरणीय क्षति' को होने देना।

3) कंपनी के मालिक को बुलाकर उससे शान्त रहने के लिए घूस माँगना या फिर निष्पक्ष (EIA) रिपोर्ट तैयार करना

4) पर्यावरणीय नैतिकता को सर्वोपरि रखना या फिर राजनीतिक लाभ लेना

5) राजनीतिक तटस्थता बनाम राजनीतिक हित का निर्वहन

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए Candidates must not write on this margin

(b) अरुणा के पास उपलब्ध विकल्प

i) वह संयंत्र की रिपोर्ट की पुन: (EIA) जाँच करें।

| लाभ | हानि |
| --- | --- |
| → आर्द्रभूमि पर पड़ने वाले वास्तविक प्रभाव का पता चलेगा | → मंत्री द्वारा पुन: स्थानान्तरण किया जा सकता है |
| → हितधारकों की सुरक्षा होगी | → संयंत्र के मालिक को नुकसान होगा |

ii) नेता विपक्ष की बात पर ध्यान न देना।

| लाभ | हानि |
| --- | --- |
| → कंपनी को लाभ | → आर्द्रभूमि नष्ट होगी |
| → मंत्री को लाभ | → उस पर आश्रित लोगों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ उत्पन्न होगी। |
| → स्थानान्तरण से बचे रहेंगे | |

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

उम्मीदवारों को इस हाशिए में नहीं लिखना चाहिए
Candidates must not write on this margin

ऐसी स्थिति में अरुण को पहले विकल्प का चुनाव करना चाहिए। क्योंकि -

① वह अपने प्रशासनिक दायित्व का निर्वहन करेगा।

② सुशासन हेतु आवश्यक (सहानुभूति) तथा (जन सहभागिता) के मूल्य का निर्वहन कर पायेगा।

③ सिविल सेवक का यह कर्त्तव्य होता है कि वह कोई भी अन्(अवैध) कार्य को रोके

⇓

प्रशासनिक कर्त्तव्यनिष्ठता ॥

उपरोक्त कदम उसके सुशासन हेतु आवश्यक (नैतिक कर्त्तव्यनिष्ठता पालन से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देंगे तथा भ्रष्टाचार को कम करने में सहायक होंगे।

# SPACE FOR ROUGH WORK

## SPACE FOR ROUGH WORK